# Order Sheet (subsequent)

## सूमाबाई वगै. बनाम शाखा प्रबंधक वगै.

### क्लेम प्रकरण संख्या : 33 / 2023

| Date | Order with initials of Presiding Officer | Brief note of compliance of the order |
| --- | --- | --- |
| गातार....<br>03.2026 | संबंधित विधि को विचार में लेते हुए पत्रावली का ध्यानपूर्वक परिशीलन किया गया।<br>हस्तगत प्रकरण में वाहन चालक रमेश पुत्र पीट्टू के ड्राईविंग लाईसेंस की वैधता प्रकरण में अप्रार्थीगण के दायित्व के निर्धारण व प्रकरण के न्यायपूर्ण निस्तारण हेतु महत्वपूर्ण है। अतः अप्रार्थी क्रम–1 का उक्त प्रार्थना–पत्र स्वीकार किये जाने योग्य है।<br>परिणामस्वरूप अप्रार्थी क्रम–1 की ओर से प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांकित 09.03.2026 स्वीकार किया जाकर जिला परिवहन अधिकारी बारां को अप्रार्थी संख्या 1 की साक्ष्य में जरिये सम्मन तलब किये जाने के आदेश दिये जाते हैं। अप्रार्थी संख्या 1 द्वारा तलबाना–सम्मन पेश किये जाने पर दो प्रतियों में अविलम्ब जारी होकर सम्मन की एक प्रति अप्रार्थी संख्या 1 को वास्ते तामील दस्ती दी जावे। आदेश सुनाया गया।<br>पत्रावली वास्ते साक्ष्य अप्रार्थी क्रम–1 दिनांक 16.03.2026 को पेश हो।<br>10.3.26<br>सत्यनारायण टेलर<br>न्यायाधीश मोटर दुर्घटना दावा<br>अधिकरण, बारां (राज.) | |